मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-274
05/06/2025

# शहीद सूरज नारायण सिंह की दरभंगा में आयोजित स्मृति सभा में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**पटना, 05 जून 2025 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार दरभंगा जिला के लहेरियासराय स्थित पोलो ग्राउंड में शहीद सूरज नारायण सिंह जी की 119वीं जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति सभा में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शहीद सूरज नारायण सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस अवसर पर शहीद सूरज नारायण सिंह जी को हम नमन करते हैं। देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद वे किसान एवं समाजवादी आंदोलन से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि पटना में हर साल कार्यक्रम होता है, सरकारी कार्यक्रम अब दरभंगा में भी होगा। दरभंगा में शहीद सूरज नारायण सिंह जी की आदमकद मूर्ति की स्थापना होगी। शहीद सूरज नारायण सिंह जी का स्मारक दरभंगा जिले में बनेगा। हमने इसके लिये दरभंगा के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री संजय सरावगी, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री हरी सहनी, सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर, सांसद श्रीमती लवली आनंद, विधायक श्री विनय कुमार चौधरी, विधायक श्री रामचंद्र साह, विधायक श्री मुरारी मोहन झा, विधायक श्री चेतन आनंद, पूर्व सांसद श्री आनंद मोहन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री कौशल किशोर, दरभंगा प्रक्षेत्र की पुलिस उप महानिरीक्षक श्रीमती स्वप्ना गौतम मेश्राम, दरभंगा के जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******